# पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

## सराहनीय कार्य

दिनांक 08.01.2021

**1-थाना सेक्टर 58 पुलिस द्वारा धर्मकांटे की फर्जी रसीदें तैयार कर कम्पनियो में धोखाधडी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से नकद 71000/- रूपये, एक मोबाइल फोन, 151 भिन्न भिन्न धर्मकांटो की पर्चियां, 1721 विजिटिंग कार्ड़ अलग-अलग टैडर्स, एक प्रिंटर , एक लैपटाप , एक की-बोर्ड़ ,तीन ट्रक (डम्फर) बरामद।**

दिनांक 07.01.2021 को थाना सेक्टर 58 पुलिस धर्मकांटे की फर्जी रसीदें तैयार कर कम्पनियो में धोखाधडी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 04 अभियुक्त खोडा तिराहा के पास सैक्टर-57, नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

**घटना का विवरण-**

वादी श्री नवीन सोनी द्वारा थाना सेक्टर 58 पर दिनांक 28.12.2020 को सूचना अंकित करायी कि वादी ने बिल्डिगं मैटेरियल सप्लायर साहिद व अली खान सुपर बिल्डर्स के नाम से सेक्टर 9 में दुकान चलाते है, वादी ने सामान (बदरपुर आदि) के लिए इनको कांट्रैक्ट दिया तथा माल आना लगभग 35 दिन से शुरू हुआ जिसमें रोजाना एक या दो गाडी रोडी व बदरपुर आता रहा, वादी के कहने पर कि उसे माल की पर्ची हरिओम धर्म कांटा की चाहिए ,अभियुक्त हरिओम धर्म काँटे की फर्जी पर्ची देता रहा जिसमे लगभग 24 पर्चिया जो कि हरिओम धर्म काँटे की नहीं है परन्तु हरिओम धर्मकाँटे के नाम से फर्जी छपवाई गयी है, इस सूचना थाना सेक्टर 58 पर मु0अ0सं0-658/2020 धारा-420, 467, 468, 471 भादवि बनाम साहिद, अली खान पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरण-**

1.मुखतार पुत्र मौ0 यहया निवासी ग्राम बेरिया कमाल थाना वीरपुर जिला सुपौल बिहार व वर्तमान निवासी- सी 2/133 न्यू अशोक नगर थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली

2.अर्पित राजपुत पुत्र जसवन्त सिंह निवासी बी 328 सैक्टर 19 थाना सैक्टर 20 नोएड़ा वर्तमान निवासी - दुकान रघुवंशी स्टोर नं0 7 ए ब्लाक सैक्टर 19 नोएड़ा

3.राजेश कुर्मी पुत्र रघुवीर मण्ड़ल निवासी बसनवारा थाना आलम नगर जिला मधेपुरा बिहार वर्तमान निवासी - सीएनजी पैट्रोल पम्प के पीछे ग्राम गिझौर थाना सैक्टर 24 नोएड़ा

4.सिन्टू पुत्र कोमपाल निवासी ग्राम सिसौना थाना बहजोई जिला सम्भल वर्तमान निवासी -ग्राम तुगलपुर थाना नालेज पार्क गौतमबुद्धनगर।

**अभियोग का विवरण -**

1.मु0अ0सं0-658/2020 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि थाना सैक्टर-58, नोएडा

**बरामदगी का विवरण-**

1. 71000/- रूपये नकद

2.एक मोबाइल फोन माल (मुकदमाती)

3.151 भिन्न भिन्न धर्मकांटो की पर्चियां

4.1721 विजिटिंग कार्ड़ अलग-अलग टैडर्स

5.एक प्रिंटर एपसेन कम्पनी

6.एक लैपटाप एचपी कम्पनी

7.एक की बोर्ड़ जेबरानिक्स

8.तीन ट्रक (डम्फर)

**2- थाना दादरी पुलिस द्वारा गोकशी करने वाले 03 अभियुक्त ( जिनमें 02 अभियुक्त घायल) पुलिस मुठभेड के उपरान्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध शस्त्र बरामद।**

दिनांक 8.01.2021 की रात्रि में थाना दादरी पुलिस व गोकशी करने वाले बदमाशों के बीच ग्राम मायचा मन्दिर के पास पुलिस मुठभेड के दौरान 03 गो तस्कर 1. जावेद पुत्र नसरु नि0 आलमपुर थाना फरीदाबाद हरियाणा 2. शाहआलम पुत्र जान मौहम्मद नि0 आजमपुर देहपा थाना पिलखुआ हापुड 3. गफ्फार पुत्र मेहरबान नि0 पुरानी हापुड चुंगी थाना कोतवाली हापुड जिला हापुड को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुठभेड के दौरान पुलिस द्वारा आत्म रक्षा मे की गयी फायरिंग के दौरान शाहआलम व गफ्फार

के पैर मे गोली लग जाने के कारण घायल हो गये थे, जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया हैं व गिरोह  के 04 सदस्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये है । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 तमंचे 315 बोर 06 जिन्दा कारतूस व 03 खोखा कारतूस तथा एक रस्सी बरामद की गयी है ।

**गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरण व आपराधिक इतिहास-**

1.जावेद पुत्र नसरु नि0 आलमपुर थाना फरीदाबाद हरियाणा

मु0अ0सं0 14/2021 धारा 147,148,149,307,34 भादवि थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 17/2021 धारा 25/27 आयुध अधिनियम थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 10/2021 धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

2.शाहआलम पुत्र जान मौहम्मद नि0 आजमपुर देहपा थाना पिलखुआ हापुड

मु0अ0सं0 14/2021 धारा 147,148,149,307,34 भादवि थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 15/2021 धारा 25/27 आयुध अधिनियम थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 10/2021 धारा  3/5/8 गोवध अधिनियम थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

3.गफ्फार पुत्र मेहरबान नि0 पुरानी हापुड चुंगी थाना कोतवाली हापुड जिला हापुड

मु0अ0सं0 14/2021 धारा 147,148,149,307,34 भादवि थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 16/2021 धारा 25/27 आयुध अधिनियम थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 10/2021 धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 तमंचा 315 बोर 02  जिन्दा कारतूस 01 खोखा कारतूस जावेद से बरामद
2. 01 तमंचा 315 बोर 02  जिन्दा कारतूस 01 खोखा कारतूस शाहआलम से बरामद
3. 01 तमंचा 315 बोर 02  जिन्दा कारतूस 01 खोखा कारतूस गफ्फार से बरामद

**3- थाना दादरी पुलिस द्वारा एक वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से 01 चोरी की मोटर साइकिल बरामद।**

दिनाँक 7.1.2021 को थाना दादरी पुलिस द्वारा एक वाहन चोर अभियुक्त आकाश पुत्र खेमचन्द निवासी बील अकबरपुर थाना दादरी गौतमबुद्धनगर को बील अकबरपुर कट दादरी के पास से थाना साहिबाबाद गाजियाबाद से चोरी की गयी मोटरसाइकिल केटीएम डीएल 65 एटी 7750 के साथ गिरफ्तार किया गया है । जिसके सम्बन्ध में थाना साहिबाबाद गाजियाबाद पर मु0अ0स0 599/2020 धारा 379 भादवि0 पंजीकृत है ।

**अभियुक्त का विवरण-**

आकाश पुत्र खेमचन्द नि0 बील अकबरपुर थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

**अभियोग का विवरण-**

1.मु0अ0स0 599/2020 धारा 379 भादवि0 थाना साहिबाबाद गाजियाबाद

2.मु0अ0स0 013/2021 धारा 414 भादवि0 थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण-**

मोटरसाइकिल केटीएम डीएल 65 एटी 7750

**4-थाना फेस-3 पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से तांबे के कटे हुए पाइप, 01 पेचकस व 01 तार कटर, बिजली के कटे हुए तारों का बण्डल, स्विच, 02 सीपीयू एचपी कम्पनी के, चार पैकेट कपड़ों के बरामद।**

दिनांक 07.01.2021 को थाना फेस 3 पुलिस द्वारा एक शातिर चोर सफी अहमद पुत्र रकीब खान निवासी सलीम नगर थाना महेश खुट जिला खगड़िया बिहार वर्तमान निवासी लेवर चौक खोडा कालोनी जनपद गाजियाबाद को बी 18 आईसीआईसीआई एटीएम के सामने बन्द पड़ी कम्पनी बी 18 सैक्टर 63 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. सफी अहमद पुत्र रकीब खान निवासी सलीम नगर थाना महेश खुट जिला खगड़िया बिहार वर्तमान निवासी लेवर चौक खोडा कालोनी जनपद गाजियाबाद

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 38/21 धारा 380/411 भादवि थाना फेस-3 नोएडा

**बरामदगी का विवरण-**

1.तांबे के कटे हुए पाइप बजन 06 किलोग्राम

2. 01 पेचकस

3. 01 तार कटर

4. बिजली के कटे हुए तारों का बण्डल व स्विच

5. 02 सीपीयू एचपी कम्पनी के

6. 04 पैकेट कपड़ों के जिसमें 02 पैकेट काफी रंग व 02 पैकेट काले रंग के